हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 योग और खेल एक दूसरे के पूरक अभ्यास से एकाग्र...



11 भारत निर्माण युवा दल ने नशे के खिलाफ छेड़ी जंग...



## खबर संक्षेप

### मिड डे मील वर्कर्स का प्रदर्शन 18 को

**नारनौल।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी मांगों को लेकर 10 जून को पुराने लघु सचिवालय में एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। इस बारे में जिला प्रधान सुनीता व जिला सचिव सन्तोष यादव ने बताया कि मिड डे मील कार्यकर्ता 10 जून प्रातः 10 बजे पुराना लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित होकर मांगों को लेकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगी।

### रवि अब होंगे महेंद्रगढ़ सीआईए इंचार्ज

**नारनौल।** पुलिस विभाग ने तबादला सूची जारी की है। इसमें निजामपुर पुलिस थाना के प्रभारी रवि को अब महेंद्रगढ़ सीआईए इंचार्ज नियुक्त किया है। इनके अलावा महेंद्रगढ़ सीआईए का इंचार्ज इंस्पेक्टर धर्मसिंह को डीआई कम ट्रेफिक तलफी मोहरर डीपीओ नारनौल नियुक्त किया है। महेंद्रगढ़ सिटी थाना प्रभारी एसआई पवन अब नांगल चौधरी थाना का कार्यभार संभालेंगे। निजामपुर थाना प्रभारी पीएसआई रवि को महेंद्रगढ़ सीआईए इंचार्ज का कार्यभार सौंपा है। वहीं सिटी नारनौल में कार्यरत पीएसआई पंकज को नई जिम्मेवारी मिली है। उन्हें महेंद्रगढ़ सिटी इंचार्ज लगाया गया है। पुलिस लाइन नारनौल में कार्यरत एएसआई रणजीत अब गहली पुलिस चौकी में ड्यूटी देंगे। वहीं गहली चौकी में कार्यरत एचसी सत्यव्रत सदर थाना नारनौल में एमएचसी का कार्य देंखेंगे। इनके अलावा सदर कनीना थाना में कार्यरत एचसी उमेदपाल को उसी थाना में एमएचसी का कार्य संभालेंगे।

### रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण परामर्श शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** सैनी क्षत्रीय सभा एवं भारत विकास परिषद तथा अस्पताल दुर्गापुरा जयपुर के सौजन्य से बुधवार को सुबह आठ बजे सैनी हाई स्कूल सैनीपुरा में निःशुल्क रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। सैनी क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि इस शिविर में पहली बार लगभग 2310 रुपये की जांच पूर्ण तय फ्री होगी, जिसमें बीपी, शुगर, एक्स-रे एवं ओपीडी एवं बीएमडी टेस्ट जोकी हड्डियों की मजबूती एवं खोखलापन की जांच करता है, पूर्ण तय फ्री होगा। रजिस्ट्रेशन का कार्य केवल तीन जून को दोपहर 12 बजे तक ही किया जाएगा।

### स्व. मांगेराम तिवाड़ी की पुण्य तिथि पर सवामणी

**महेंद्रगढ़।** नगर की प्राचीनतम शिक्षण संस्था लाला राधा कृष्ण पाठशाला के 50 वर्ष से भी अधिक समय तक केयर टेकर रहे अध्यापक स्व. मांगेराम तिवाड़ी की प्रथम पुण्य तिथि पर उनके परिजनों ने बेसहारा गोशाला में सवामणी लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी प्रथम पुण्य तिथि पर उनके बड़े पुत्र प्रदीप, प्रवेश उनकी पत्नी संतरा देवी, उनकी बेटी प्रतिभा, बड़े भाई सत्यनारायण तिवाड़ी, महावीर तिवाड़ी, पूर्णमल शर्मा, सतीश, विकास तिवाड़ी, भावेश तिवाड़ी आदि मौजूद रहे।

# मानसिक तनाव के चलते खोया आपा, पत्नी व बेटी की ली जान

- सोमवार की सुबह पत्नी के साथ हुई कहासुनी पर मानसिक तनाव में आए पति ने दोपहर में वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

मानसिक तनाव के चलते शहर के वार्ड सात ढाणी ठाकरान में अशोक कुमार ने कमरे में विश्राम कर रही पत्नी व 15 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित दिनभर मानसिक तनाव में इधर उधर घूमता रहा, इसके बाद शाम को घर से लापता हो गया। संदेह होने पर परिजनों ने कमरे का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला राजबाला व पुत्री मीनाक्षी मृत अवस्था में मिली। परिजनों से सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के मायके पक्ष की शिकायत पर केस दर्ज करके आरोपित की खोजबीन आंरभ कर दी है। जानकारी के मुताबिक आरोपित अशोक कुमार खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन-पोषण करता है। बीते कई दिनों से मानसिक तनाव में रहते हुए पत्नी के साथ झगड़ा करते थे। सोमवार की सुबह भी उनका पत्नी के साथ विवाद होने की चर्चाएं हैं, जिसे परिजनों ने हस्तक्षेप करके शांत कराया था। आशंका जताई गई कि अशोक कुमार ने पत्नी को सुबह ही मारने की ठान ली थी। दोपहर में सभी परिजन कमरों में सो रहे थे, इसी दौरान अशोक कुमार कमरे में घुस गया। उन्होंने पत्नी राजबाला और बेटी मीनाक्षी की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बावजूद शाम तक घर में ही इधर-उधर टहलता रहा, लेकिन सूर्यास्त होते ही घर से लापता हो गया। इधर राजबाला व पुत्री मनीषा दिखाई नहीं देने पर परिजनों को संदेह हो गया। उन्होंने पुत्री को आवाज लगाई, लेकिन जबाब नहीं मिलने पर कमरे में पहुंच गए, जहां मां-बेटी मृत अवस्था में मिली। उन्होंने तुरंत अस्पताल के लिए वाहन का प्रबंध किया तथा पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस में कमरे की तलाशी ली तथा दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल नारनौल भेजा।



**नांगल चौधरी।** मृतका के अंतिम संस्कार में एकत्रित भीड़। फोटो : हरिभूमि

### बोले डीएसपी

डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि ढाणी ठाकरान के अशोक कुमार ने अपनी पत्नी राजबाला व पुत्री मीनाक्षी की हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया है। मृतक महिला के मायके पक्ष की शिकायत पर आरोपित अशोक कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आरोपित गिरफ्तार, पूछताछ जारी

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना नांगल चौधरी के अंतर्गत गांव ढाणी ठाकरान में हुए हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित अशोक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की ओर से आरोपित से पूछताछ की जा रही है, ताकि इस दोहरे हत्याकांड के कारणों का पूरी तरह से खुलासा हो सके। गांव बेरली खुर्द के निवासी अमरसिंह ने पुलिस को दी शिकायत के अनुसार उसके जीजा अशोक ने बहन व भांजी की हत्या कर दी। इस शिकायत के आधार पर तुरंत संज्ञान लेते हुए थाना नांगल चौधरी में भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस घटना की प्रारंभिक सूचना प्राप्त होने पर पुलिस की टीम तुरंत नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंची थी। मामले की गहन जांच के लिए सीन ऑफ क्राइम टीम को भी घटनास्थल पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस ने मामले के आरोपित अशोक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे कड़ाई से पूछताछ जारी है।

## पेमेंट से पहले सरपंचों-ग्राम सचिवों के हस्ताक्षर की शर्त पर भड़के पार्षद

# जिला परिषद बैठक में विकास कार्यों की पेमेंट प्रक्रिया को लेकर घमासान

**जिला प्रमुख ने पुराने नियमों को बताया विवाद की जड़, सीएम से मिलने की चेतावनी**

राजकुमार ▶▶| नारनौल

जिला परिषद की बैठक मंगलवार को जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विकास कार्यों की स्वीकृति, पेमेंट प्रक्रिया, पेयजल योजनाओं और लंबित परियोजनाओं को लेकर जमकर बहस हुई। बैठक का सबसे बड़ा मुद्दा विकास कार्यों की पेमेंट से पहले सरपंचों एवं ग्राम सचिवों के हस्ताक्षर अनिवार्य किए जाने का रहा। इस व्यवस्था को लेकर अधिकांश जिला पार्षदों ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे विकास कार्यों में बाधा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। बैठक में सीईओ डॉ. निर्मल नागर, डीडीपीओ प्रमोद कुमार एवं पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार सहित जिला पार्षद, विभिन्न विभागों के एसडीओ, जेई और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा जिस नियम का हवाला दिया जा रहा है, वह वर्ष 2021 का है, जबकि वर्ष 2023 में नई नीति लागू हो चुकी है। इसके बावजूद पुराने नियमों को लागू किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे सभी पार्षदों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा कदम उठाने के लिए भी तैयार हैं। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक, डीपीसी जितेंद्र यादव, जिला परिषद के उपप्रधान भीम सिंह, सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार, सिविल सलाहकार रोहित सहित सभी जिला पार्षद सदस्य और विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



**नारनौल।** जिला परिषद की मीटिंग में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पार्षदों ने लगाया यह आरोप

बैठक के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों की पेमेंट के लिए सरपंचों एवं ग्राम सचिवों के हस्ताक्षर लेने की बाध्यता के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि कई स्थानों पर सरपंच और सचिव मनमानी करते हैं, चक्कर कटवाते हैं और कार्यों में अनावश्यक देरी होती है। कुछ पार्षदों ने तो यहां तक कहा कि इस व्यवस्था से ब्लैकमेलिंग और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

### करोड़ों रुपये की ग्रांट पर चर्चा

बैठक की शुरुआत जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) प्रमोद कुमार ने की। उन्होंने बताया कि जिला परिषद को एफपीसी टाइड एवं अनटाइड ग्रांट प्राप्त हुई है। नियमों के अनुसार 50 प्रतिशत राशि पेयजल एवं स्वच्छता कार्यों पर खर्च की जाएगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जा सकती है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस योजना के तहत जिला परिषद को करीब 1.40 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 70-70 लाख रुपये पेयजल, स्वच्छता और अन्य विकास कार्यों के लिए निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त 93 लाख रुपये की अनटाइड ग्रांट भी प्राप्त हुई है। बैठक के दौरान एक पार्षद ने जिला परिषद के विभिन्न बैंक खातों और उनमें उपलब्ध राशि की जानकारी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के अनुसार अलग-अलग बैंक खाते संचालित किए जाते हैं तथा खातों का विस्तृत विवरण बाद में उपलब्ध कराया जाएगा।

### अधूरे कार्यों और पेयजल संकट पर उठे सवाल

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 44 विकास कार्य लंबित हैं, जिनमें से 6 कार्यों के एस्टीमेट तैयार हो चुके हैं तथा 7 कार्यों के वर्क ऑर्डर प्रक्रिया में हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि विकास कार्य करने वाली एजेंसियों और कंपनियों को समय पर भुगतान नहीं मिल रहा, जिसके कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता लगातार सवाल पूछती है, लेकिन भुगतान लंबित होने से विकास कार्यों की गति रुक जाती है। बैठक में वार्ड नंबर-19 के गांव रामबास में बोरवेल की समस्या भी प्रमुखता से उठी। पार्षदों ने आरोप लगाया कि निजामपुर क्षेत्र के एसडीओ और संबंधित ठेकेदार समस्या के समाधान में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर मौके पर मौजूद जेई ने जल्द ड्रिलिंग कराने का आश्वासन दिया और बताया कि ठेकेदार के नहीं आने से देरी हुई है।



**कनीना।** तिरंगे में लिपटे नौसैनिक राजेश शर्मा को अंतिम विदाई देते परिजन व

# तिरंगे में लिपटकर लौटा भोजावास का लाल, नम आंखों से दी विदाई

- 6 वर्षीय बेटे विहान ने दी मुखाग्नि, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूजः कनीना

भारतीय नौसेना में कार्यरत गांव भोजावास के 33 वर्षीय नौसैनिक राजेश शर्मा का मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर जैसे ही गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों लोगों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। राजेश शर्मा तमिलनाडु के तूतीकोरिन में रेडियो ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक छा गया। राजेश अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र और तीन बहनों के इकलौते भाई थे। मंगलवार शाम सेना के वाहन से तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मां रेखा देवी, पत्नी ज्योति रानी तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। अंतिम संस्कार के दौरान सबसे भावुक क्षण तब आया जब राजेश शर्मा के 6 वर्षीय पुत्र विहान ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। सेना और पुलिस की टुकड़ी ने राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारत माता की जय तथा राजेश शर्मा अमर रहें के नारों के बीच वीर सपूत पंचतत्व में विलीन हो गया। अंतिम यात्रा में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा आसपास के गांवों से पहुंचे हजारों लोग शामिल हुए। वीर जवान के निधन के शोक में भोजावास बाजार सहित आसपास के क्षेत्र की अनेक दुकानें बंद रहीं।



**नारनौल।** अधिवक्ताओं व पीएलवी की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी।

### सीजेएम ने ली अधिवक्ताओं व पीएलवी की बैठक

नारनौल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर में राष्ट्रीय लोक अदालत व अन्य विशेष लोक अदालतों तथा आम जनमानस तक कानूनी सहायता पहुंचाने के संबंध में पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलंटियर्स की बैठक ली। सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के समझौता योग्य मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत एनआई एक्ट चेक बाउंस मामले के बारे में भी जानकारी दी और अधिकारियों व अधिवक्ताओं को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

# दुकानदार के साथ मारपीट और तोड़फोड़ करने पर एक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में नया बाजार स्थित बंसल रेडिमेड पर आठ से 10 युवाओं ने दुकानदार के साथ मारपीट व तोड़फोड़ की। इससे दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार श्याम कॉलोनी के नंदकिशोर ने नया बाजार में रेडिमेड कपड़ों की दुकान की हुई है। सुबह करीब 10 बजे दुकान खोली थी तथा करीब 11 बजे आठ से 10 युवा लाठी-डंडों के साथ उसकी दुकान में आए।

जब युवा दुकान में आए तो नंदकिशोर का लड़का निखिल बंसल दुकान पर था। युवाओं ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवाओं ने उसको दुकान से बाहर निकालकर मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने की सूचना किसी ने डायल 112 पर दी। जिसके बाद मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे। तब तक युवा मारपीट कर वहां से फरार हो गए। इस बारे में निखिल बंसल के भाई अंश बंसल ने बताया कि करीब पांच छह दिन पूर्व निखिल से कुछ युवाओं ने पांच लाख रुपये की डिमांड की थी। नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी, ऐसे में हो सकता है कि उन युवाओं ने ही इस घटना को अंजाम दिया हो।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल निखिल को नागरिक अस्पता पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने के बाद निखिल बंसल के परिजन दुकान पर पहुंचे। जिसके बाद दुकानदार ने दुकान को बंद कर दिया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते घटना स्थल पर पुलिस को भी तैनात कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य बाजार के अनेक दुकानदार भी वहां पर एकत्रित हो गए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से दुकानदारों में भय का माहौल बन जाता है।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

### आरोपित गिरफ्तार

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि दुकानदार से रंगदारी मांगने व लोहे की रॉड से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना में शामिल एक आरोपित को काबू किया गया है, अन्य आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नारनौल में भाजपा जिला कार्यालय तैयार, 8 को सीएम करेंगे उद्घाटन

# जिला कार्यालय के उद्घाटन को लेकर भाजपाइयों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा का जिला कार्यालय भवन बनकर तैयार है। इस भवन का उद्घाटन आठ जून को सुबह नौ बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता की ओर से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार शाम को भाजपा पदाधिकारी व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भवन का मौका मुआयना भी किया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी जिले के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों से चर्चा हो चुकी है। इनमें लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, कैबिनेट मंत्री आरती राव, पूर्व मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा, विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह व पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह प्रमुख रूप से शामिल हैं। सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शीघ्र ही जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी।



**नारनौल।** नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी तेज

डॉ. यतेंद्र राव ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं भाजपा समर्थकों से आह्वान किया कि वे सोमवार आठ जून को सुबह नौ बजे नूनी शेखपुरा स्थित कार्यालय पर आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पार्टी नेतृत्व का स्वागत करें तथा कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह जिला कार्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है तथा इसके निर्माण में पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन एनर्जी को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कार्यालय में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के लिए कक्ष, आवास सुविधा, आधुनिक कांफ्रेंस रूम व बड़ा मीटिंग हॉल, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष व अन्य सुविधा है।

### ये रहेंगे मौजूद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री फणिन्द्रनाथ शर्मा, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी रहेंगे मौजूद।

# मई माह में 8089 चालान, सर्वाधिक बिना हेलमेट के 2690 चालान और रॉन्ग पार्किंग के 2159 मिले

- पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए 179 वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मई माह में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। यातयात नियमों की पालना कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने पूरे महीने में कुल 8089 चालान काटे हैं। मई माह के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो सबसे ज्यादा लापरवाही दोपहिया वाहन चालकों में देखी गई, बिना हेलमेट चलाने वाले 2690 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही रॉन्ग पार्किंग के खिलाफ भी पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया और 2159 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 661 वाहनों के चालान किए। वहीं शार्टकट के चक्कर में गलत दिशा में वाहन चलाकर दूसरों की जान खतरे में डालने वाले 259 चालकों के भी चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के मद्देनजर बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे 209 वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। वाहन चलाते समय ध्यान भटकाने और हादसों का कारण बनने वाले मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी पुलिस की नजर रही, जिसके तहत 54 चालान किए गए। वहीं 25 शराबी चालकों पर भी कार्रवाई की गई है।



**नारनौल।** चालान करती यातायात पुलिस। फोटो : हरिभूमि



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

## लाइफ Style

# तृप्ति
## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।



## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताई। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

**खबर संक्षेप**

## गोसेवा में जुटी युवा साथी ग्रुप व उड़ान ट्रस्ट की टीम

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की नांगल चौधरी टीम लगातार गोसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में टीम के सदस्यों ने गोशाला गोठड़ी पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया और उनकी सेवा की। सदस्यों ने कहा कि गोसेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। इस मौके पर योगेश सैनी, गोलू, कुकु शर्मा, चोटी शर्मा, लक्ष्य सैनी , वंश, भवानी, अंकित, अमित आदि रहे।

## योग क्रियाएं जीवन को बनाती हैं सार्थक

**रेवाड़ी ।** गांव टूमना स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं एवं बच्चों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य योगेंद्र ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### नांगल चौधरी के बनिहाड़ी में खंड स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता संपन्न

# योग और खेल एक-दूसरे के पूरक अभ्यास से एकाग्र होता मन : जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशीबाला व जिला योग कोआर्डिनेटर डॉ. सतीश कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयुष विभाग की ओर से खंड नांगल चौधरी के ग्राम बनिहाड़ी स्थित नवनिर्मित व्यायामशाला में भव्य खंड स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। नांगल चौधरी खंड में योग दिवस के नोडल अधिकारी डॉ. ललित मोहन जोशी ने इस प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।



नांगल चौधरी। योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि योगासन और खेल दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं और दोनों की ही सफलता के मूल में संयम तथा अनवरत साधना छिपी होती है। इस अवसर पर योग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसे दो मुख्य आयु वर्गों में विभाजित किया गया था, जिसमें पहला वर्ग 10 से 18 वर्ष तथा दूसरा वर्ग 18 से 55 वर्ष रखा गया। कड़े मुकाबले और कड़े अनुशासन के बीच आयोजित हुई इस स्पर्धा के परिणामों की घोषणा करते हुए आयोजकों ने विजेताओं को बधाई दी। 10 से 18 वर्ष के पुरुष आयु वर्ग में सिरोही बहाली निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र दिवेश ने अपनी उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान गौरव ने प्राप्त किया। इसी वर्ग में बूढ़वाल निवासी मनोज कुमार के पुत्र दीपांशु ने द्वितीय व प्रदीप कुमार के पुत्र यश ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी आयु वर्ग 10 से 18 वर्ष की महिला स्पर्धा में भी बालिकाओं ने अपने संतुलन और लचीलेपन से सबको हैरत में डाल दिया। इसमें मेघोत हाला निवासी घनश्याम की पुत्री आकांक्षा ने प्रथम, वीरेंद्र सिंह की पुत्री तमन्ना ने द्वितीय तथा विष्णु दत्त शर्मा की पुत्री काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे गांव का नाम रोशन किया। वहीं दूसरी ओर 18 से 55 वर्ष के प्रौढ़ आयु वर्ग में एक अनूठा संयोग देखने को मिला। इस वर्ग के पुरुष और महिला दोनों ही श्रेणियों में केवल एकमात्र प्रतिभागी खुशबू पुत्री मुकेश कुमार निवासी मेघोत हाला ने हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट व सधे हुए योगासनों के प्रदर्शन के बूते अकेले ही प्रथम स्थान पर अपना आधिपत्य जमाया।

**ये रहे मौजूद**

*इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में आयुष योग सहायक ललित, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, तकदीर सिंह, अशोक कुमारी ने निर्णायक मंडल व आयोजक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*



सतनाली मंडी। उपतहसील में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी।

## इंतकाल के लिए हिंदी में सॉफ्टवेयर की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

सतनाली उपतहसील में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र के नागरिकों ने इंतकाल दर्ज करने के लिए सॉफ्टवेयर को हिंदी भाषा में उपलब्ध कराने की मांग की है। राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान सवाई सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सौंपे हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कहा कि सरकार तहसीलों के लिए नया साफ्टवेयर बनाने जा रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि आगे जो भी इंतकाल होंगे वे हिंदी की बजाए अंग्रेजी में होंगे। एक तरफ सरकार हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की बात कह रही है, वहीं कहा जा रहा है कि जो भी इंतकाल होंगे वे अंग्रेजी में होंगे। अतः निवदेन है कि नया साफ्टवेयर जो सरकार बनाने जा रही है वो हिंदी में ही बनाए जाएं। सवाई सिंह राठौड़ ने कहा कि कई डिजिटल सेवाएं और सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों तथा हिंदी माध्यम से शिक्षा प्राप्त लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की व्यापक रूप से बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इसलिए सरकारी कार्यों में हिंदी को प्राथमिकता देकर आमजन की सुविधा सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि आम नागरिक आसानी से डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकें।

# सीजेएम ने सेफ हाउस व नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव नीलम कुमारी ने पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस व नागरिक अस्पताल परिसर में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मिल रही सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। सीजेएम नीलम कुमारी ने सबसे पहले पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेफ हाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने स्टाफ को रजिस्टर और रिकॉर्ड को पूरी तरह से दुरुस्त रखने के आदेश भी दिए। इसके बाद उन्होंने नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में उपचाराधीन मरीजों से सीधे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, मिल रहे भोजन की गुणवत्ता और काउंसिलिंग सत्रों के बारे में जानकारी ली। सचिव ने डॉक्टरों और चिकित्सा स्टाफ को निर्देश दिए कि नशा छोड़ रहे युवाओं को बेहतर से बेहतर माहौल और मानसिक संबल प्रदान किया जाए, ताकि वे मुख्यधारा में वापस लौट सकें। उन्होंने केंद्र में दवाइयों की उपलब्धता और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के हर वर्ग को न्याय और सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दोनों केंद्रों पर मौजूद स्टाफ व नागरिकों को मुफ्त कानूनी सहायता योजना और हेल्पलाइन नंबर 01282250322 के बारे में भी जागरूक किया, ताकि जरूरत पड़ने पर पीड़ित व्यक्ति तुरंत कानूनी मदद प्राप्त कर सकें।



नारनौल। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करती सीजेएम नीलम कुमारी।

## स्व. प्रहलाद मुनी की याद में हवन, भक्तों ने की प्रार्थना



नारनौल। हवन में आहुति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** हुडा सेक्टर मे होटल मोती महल के सामने आर्य समाज हुडा सेक्टर वन के तत्वावधान मे वासुदेव यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा के स्वर्गीय प्रहलाद मुनी संथापक आर्य समाज इकबालपुर नंगली की याद मे उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य जगत के विद्वान जगराम आर्य रहे, जबकि पुरोहित की भूमिका में विनोद शास्त्री कुतबापुर रहे तथा जयप्रकाश कौशिक, डॉ. आरएन यादव, अर्जुन मुलोदी व काफी संख्या में मातृ शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वर्गीय प्रहलाद मुनी के बारे में कप्तान जगराम ने कहा कि मुनी जीवन पर्यंत वेदों के प्रचार व दूसरों की मदद के लिए लगे रहे तथा उन्होंने अच्छे संस्कार देकर अपनी संतान को जीवन जीने का सही रास्ता दिखाया। जिसकी वजह से उनके बड़े बेटे बुद्धदेव यादव सेवानिवृत्त जिला न्यायवादी एवं उपभोगता अदालत में जज रहे, जबकि छोटे पुत्र वासुदेव यादव वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक के पद से सेवानिवृत्त है। इनकी उनकी पुत्र वधु डॉ. कृष्णा आर्य मुख्यध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हैं।

# एसडीएम ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

**अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी ने महेंद्रगढ़ स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में सीवरेज जल के शोधन की प्रक्रिया, मशीनरी की कार्यक्षमता तथा रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। एसडीएम ने कहा कि एसटीपी को उसकी पूर्ण क्षमता के अनुरूप संचालित किया जाए ताकि शहर से निकलने वाले सीवरेज जल का वैज्ञानिक एवं प्रभावी ढंग से शोधन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लांट की सभी मशीनों एवं उपकरणों का नियमित रखरखाव किया जाए तथा संचालन में आने वाली किसी भी तकनीकी समस्या का समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उपचारित जल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ जिया राम के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा सिर्फ मार्क्स तक सीमित नहीं, सर्वांगीण विकास जरूरी



**नारनौल।** शिक्षा केवल स्कूल के मार्क्स और रैंक तक ही सीमित नहीं है, शिक्षा तभी संपूर्ण होती है जब बच्चे पढ़ाई के साथ साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटीज पर भी ध्यान दें। यह बात उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्ष अनुपमा अंजली ने मंगलवार को बाल भवन में हरियाणा राज्य कल्याण परिषद की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर 2026 का शुभारंभ करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने तीरंदाजी भी करके देखी। सेवानिवृत्त बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश शिविरों का अधिक से अधिक फायदा उठाना चाहिए तथा उन्होंने हरियाणा बाल कल्याण परिषद जिला शाखा की ओर से बच्चों के विकास के लिए समय समय पर चलाई जाने वाली गतिविधियों में हमेशा अपना सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, लेखाकार मनीष कुमार, तीरन्दाजी कोच सुरेन्द्र शर्मा व सभी गतिविधियों के प्रशिक्षक, प्रशिक्षिकाएं व बच्चें उपस्थित थे।

# अटेली में समर कैंप का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट्स अकादमी द्वारा अटेली मंडी में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप 2026 का शुभारंभ मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अटेली नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल एवं डॉ. कविता यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड नंबर तीन की पार्षद प्रेमलता के प्रतिनिधि बिरेन्द्र सिंह तथा पार्षद अनिल प्रधान भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को खेल, कला और रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की। कैंप के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रमोद कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐशली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस 15 दिवसीय समर कैंप में बच्चों के लिए कराटे, स्केटिंग, डांस, एबेक्स और आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यह कैंप बच्चों के शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।



मंडी अटेली। फीता काटकर समर कैंप का शुभारंभ करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर प्रमोद वालिया, विकास भारद्वाज, महेश कुमार, चमनलाल, मनीषा, विकास सिंघानिया, गर्वित, विजीत, धर्मेंद्र, मनीषा छिछोलिया, अजय कुमार सहित अनेक अभिभावक एवं नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में अपना सहयोग दिया।*

## सोमनाथ तीर्थ दर्शन के लिए 6 जून तक करें पंजीकरण

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत प्रदेश के पात्र वृद्धजनों को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के निःशुल्क दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन 8 जून को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए रवाना होगी। ट्रेन को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सोमनाथ तीर्थ दर्शन यात्रा की तैयारियों व पात्र लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए मंगलवार को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडूरंग ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीसी के बाद डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र लाभार्थी 6 जून तक सरलहरियाणा.जीओवी इन पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यात्रा के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं।

## बिजली निगम विजिलेंस के जेई हुए सेवानिवृत



मंडी अटेली। समारोह में स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बौचड़िया निवासी व हाल आबाद मंडी अटेली निवासी प्रदीप कुमार दक्षिणी हरियाणा बिजली निगम में जेई विजिलेंस फरीदाबाद से सेवानिवृत होने पर कस्बे में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जेई प्रदीप कुमार अटेली बिजली निगम में 25 साल तक लंबे समय तक अपनी सेवा दी हैं। इस मौके पर एचवीपीएन के जेई गोविंद, जेई राजेश कुमार, हनुमान सिंह, संजीव डोगरा, धर्मबीर फोरमैन, सीहमा से जितेंद्र प्रधान कुमार, विनित कुमार, प्रदीप कुमार, रिटायर्ड हेडमास्टर कृष्ण कुमार, हरदूल सिंह, बिजेंद्र सांगवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**शिविर** शिविर का दिन भी बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक के लिए समर्पित रहा

# भारत निर्माण युवा दल ने नशे के खिलाफ छेड़ी जंग, ग्रामीणों को बताए नुकसान

### सात दिवसीय चरित्र निर्माण एवं प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

भारत निर्माण युवा दल हरियाणा की ओर से जिले के गांव भड़फ में चलने वाले सात दिवसीय चरित्र निर्माण एवं प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को वैदिक परंपराओं के अनुसार शुभारंभ हुआ। दूसरे दिन मंगलवार का दिन भी बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक उत्थान को समर्पित रहा। श्रीमद्भागवत सेवा आश्रम के स्वामी समर्पणानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित हवन यज्ञ के साथ शुरू हुए इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार करना है। इस कैंप में प्रदेश के रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी, नूंह और झज्जर जिलों से आए युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर में वर्तमान में 50 विद्यार्थी, 20 वयस्क सहभागी और 10 प्रबंधन कार्यकर्ता सर्वांगीण विकास के इस कड़े अनुष्ठान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जहां उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक उत्थान पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह की शुरूआत योग, प्राणायाम और शारीरिक गतिविधियों से हो रही है, जिसके साथ ही युवाओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर और साहसी बन सकें। भारत निर्माण युवा दल के संस्थापक अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह यादव ने इस अवसर पर युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि यदि युवा पीढ़ी को सही दिशा और संस्कार मिल जाएं, तो वे राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े संवाहक बन सकते हैं। वहीं शिविर के वर्ग प्रमुख भगत सिंह कोठारी ने कहा कि भारत की महान ऋषि परंपरा और महापुरुषों का जीवन ही आज के भटके हुए युवाओं को सही मार्ग दिखा सकता है।





कनीना। शिविर में लाठी चलाना सीखते युवा व शिविर में मौजूद युवाओं को संबोधित करते अभिमन्यु राव। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने अब तक 84 नशा पीड़ितों की पहचान कर करवाया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। मंगलवार को नशा मुक्त टीम ने गांव सूबा सेडी व धरचाना में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने मंगलवार को एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 266 लोगों की पहचान की है जो किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित थे। इसके अलावा 84 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है।

नशा मुक्ति टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, पारस सैनी पुत्र अशोक कुमार वासी ग्राम ढाणी सैनिया की तन थनवास तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं मैंने अपना नाम पारस से बदलकर पारस सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे पारस सैनी के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

# अनाज मंडी में बनेगा पब्लिक पार्क, स्थापित होगी सरसों जांच लैब

■ नई अनाज मंडी के विकास की दिशा में मार्केट कमेटी ने चेयरमैन बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में लिए दो अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नई अनाज मंडी नारनौल के विकास और किसानों तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मंगलवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल यादव ने की। बैठक में सचिव नुकुल यादव एवं वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी सहित मार्केट कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नई अनाज मंडी के विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति जताई गई। पहला प्रस्ताव नई अनाज मंडी स्थित जल महल की दीवार से लगती भूमि पर एक सार्वजनिक पार्क विकसित करने का था। इस संबंध में कार्यकारी अभियंता रेवाड़ी को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।





नारनौल। मीटिंग लेते चेयरमैन बाबूलाल यादव पटीकरा तथा वह जगह, जहां पार्क बनेगा। फोटो : हरिभूमि

### पार्क से मिलेगा स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य लाभ

मार्केट कमेटी के अनुसार पार्क के निर्माण से आसपास के क्षेत्र के लोगों को सुबह-शाम सैर और व्यायाम के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इससे लोगों को स्वच्छ एवं ताजा वातावरण मिलेगा, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। स्थानीय नागरिकों को भी इस परियोजना से काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।

### नई अनाज मंडी के बेहतर भविष्य की शुरुआत

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दोनों प्रस्तावों को नई अनाज मंडी नारनौल के विकास और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। चेयरमैन बाबूलाल यादव और मार्केट कमेटी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से मंडी क्षेत्र की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा किसानों और आम जनता दोनों को इसका लाभ मिलेगा। इन फैसलों को नई अनाज मंडी नारनौल के बेहतर और सुनहरे भविष्य की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

### यह रहे मीटिंग में मौजूद

मीटिंग में मैंबर बद्रीप्रसाद गर्ग, कैलाश चंद, पवन कुमार, सांवल सिंह, अजीत सिंह, राजेंद्र, सुशील कुमार, सतबीर जोगी, सतीश कुमार, जयसिंह तरेड़िया, सतपाली, बहादुर सिंह, बनवारी लाल एवं राजकुमार आदि भी मौजूद रहे।

### किसानों को मिलेगा सीधा फायदा

बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव नई अनाज मंडी में सरसों की जांच के लिए सरकारी पोर्टेबल लैब स्थापित करने का पारित किया गया। इसके लिए मुख्य प्रशासक को पत्र भेजकर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। मार्केट कमेटी का मानना है कि लैब स्थापित होने से किसानों को अपनी फसल की गुणवत्ता जांच के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। मंडी परिसर में ही जांच सुविधा उपलब्ध होने से किसानों का समय और खर्च दोनों बचेंगे। साथ ही फसल की गुणवत्ता का प्रमाण मिलने पर किसानों को उनकी सरसों का उचित मूल्य प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## न्यूज डायरी



नारनौल। शिविर में साफ सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**नारनौल।** डीएवी स्कूल में चलाए जा रहे जिला स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस शिविर में ब्रह्मप्रकाश प्राचार्य ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गीता ने भाग लिया। प्रात कालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की तथा एक स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा को समाज, राष्ट्र व विश्व की भलाई में लगानी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक देश में अपने समाज सेवा के कार्यों से अलग पहचान बनाते हैं।



मंडी अटेली। योग कार्यक्रम में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### योग प्रतियोगिता के विजेता जाएंगे जिले में

**मंडी अटेली।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में सिहमा खंड स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन गांव गुवानी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव ने की। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं व आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने-अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में कुणाल पुत्र नरेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि योगेश पुत्र महावीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में विनेश पुत्र विक्रम तृतीय स्थान पर रहे।



नारनौल। समर कैंप में बच्चों को जानकारी देते अध्यापक आजाद सिंह। फोटो : हरिभूमि

### समर कैंप में बच्चों ने जाना भाषा का महत्व

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में प्राचार्य कैलाश यादव के मार्गदर्शन में आयोजित समर कैंप के अंतर्गत भारतीय भाषा समर्पण विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को भारतीय भाषाओं की विविधता, भाषा की हमारी पहचान में भूमिका तथा संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण में भाषाओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों की भाषाओं में बोले जाने वाले अभिवादन व नमस्कार के तरीकों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। समर कैंप का उद्घाटन गांव के सरपंच पूरणमल ने किया। इस अवसर पर राधेश्याम नरवारा, रामस्वरूप भोपा, त्रिभुवन वर्मा, सोनू सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। हकेंवि में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण सामूहिक उत्तरदायित्व

**महेंद्रगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायनविज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस अभियान के अंतर्गत कुल 31 रुद्राक्ष एवं बॉटल पाम के पौधे लागए गए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा तथा कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया इस मौके पर पर समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा व रसायन विज्ञान विभाग के एडजंक्ट प्रोफेसर प्रो. राकेश भारद्वाज ने इस पर्यावरणीय पहल के लिए पौधों का दान कर अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

अंधेरे के कारण अनहोनी की आशंका, दुकानदारों को भी उठानी पड़ रही है परेशानी

# आजाद चौक से माजरा चुंगी तक स्ट्रीट लाइट बंद

## कई बार शिकायतें देने के बावजूद समस्या का नहीं हो पाया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के व्यस्त मार्गों में शामिल आजाद चौक से लेकर माजरा चुंगी तक की सड़क इन दिनों रात के समय अंधेरे में डूबी रहती है। इस मार्ग पर लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिसके कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अंधेरे के कारण यहां अनहोनी की आशंका लगातार बनी रहती है।

### मामला संज्ञान में

मामला संज्ञान में आया हैं। कर्मचारियों को भेजकर सभी स्ट्रीट लाइट चालू की जाएंगी, ताकि लोगों को परेशानी ने उठानी पड़े।
—रमेश सैनी, प्रधान नगर पालिका, महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। इस मार्ग पर रात के समय रहता हैं अंधेरा। फोटो : हरिभूमि

### पूरा इलाका रहता है सुनसान

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह सड़क शहर को कई कॉलोनियों और बाहरी क्षेत्रों से जोड़ती है। दिनभर इस मार्ग पर भारी आवाजाही रहती है, वहीं रात के समय भी लोग कामकाज के सिलसिले में आते-जाते रहते हैं। लेकिन स्ट्रीट लाइटें बंद होने से पूरा इलाका सुनसान और असुरक्षित नजर आता है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली विद्यार्थियों को सबसे अधिक दिक्कत होती है। कुलदीप, ललित, सतबीर, कालू, मदन, शिवकुमार, ओमी, कृष्ण, पंकज, मनोज आदि ने बताया कि रात में सड़क पर गड्ढे और टूटे हिस्से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। दुकानदारों का कहना है कि अंधेरे की वजह से शाम होते ही बाजार में ग्राहकों की आवाजाही कम हो जाती है। इससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। कुछ दुकानदारों ने बताया कि रात के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं, जिससे चोरी और झपटमारी जैसी घटनाओं का डर बना रहता है। कई बार राहगीरों के मोबाइल और पर्स छीनने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन पर्याप्त रोशनी न होने से अपराधियों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

### वाहन चालकों ने भी प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की

वाहन चालकों ने भी प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क पर अंधेरा होने के कारण सामने से आने वाले वाहन अचानक दिखाई देते हैं, जिससे हादसे होने की संभावना बनी रहती है। खासकर दोपहिया वाहन चालक अधिक जोखिम में रहते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि पानी भरने और सड़क खराब होने का अंदाजा नहीं लग पाता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। कुछ जगहों पर बिजली के खंभों पर लगी लाइटें खराब हैं, जबकि कई स्थानों पर तारों में तकनीकी खराबी होने की बात कही जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि पूरे मार्ग का सर्वे कराकर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तुरंत चालू कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। लोगों का कहना है कि शहर के मुख्य मार्ग पर इस तरह अंधेरा रहना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाए, ताकि रात के समय लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

### जेईई एडवांस में सीएल स्कूल के छात्र सुमित ने पाई सफलता

**नारनौल।** हाल ही में एनटीए की ओर से आयोजित जेईई एडवांस का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सीएल पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र सुमित सिंह पुत्र रणसिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 785वीं रैंक कैटगरी प्राप्त कर विद्यालय, परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी अथक मेहनत, अनुशासन व दृढ़ संकल्प के बल पर सुमित सिंह ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे प्राप्त करने का जुनून हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। सुमित सिंह ने किसी भी प्रकार की कोचिंग का सहारा लिए बिना, केवल अपनी नियमित स्कूली शिक्षा, स्व अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के माध्यम से यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। सीएल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि सुमित सिंह की यह उपलब्धि उनकी लगन, कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने भी सुमित सिंह को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी।



सुमित सिंह



महेंद्रगढ़। छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### छात्रा योगिता ने जेईई एडवांस परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न स्कूल की छात्रा योगिता ने जेईई एडवांस में उच्चतर स्कोर हासिल किया हैं। आईआईटी रुड़की द्वारा जेईई एडवांस की परीक्षा 17 मई को आयोजित करवाई गई थी। इस परीक्षा का परिणाम एक जून को घोषित किया गया। इस जेईई एडवांस की परीक्षा में योगिता पुत्री अनिल कुमार ने 3409 रैंक प्राप्त करके विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। छात्र योगिता की इस उपलब्धि पर संस्था प्रबंधन समिति की सदस्या इमरती देवी, निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य नवीन कुमार, अनीता देवी, प्राचार्य अनिल कुमार, उप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राम सिंह तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने फूल माला पहनाकर व विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इस उपलब्धि का श्रेय छात्रा योगिता ने समस्त प्रबंधन समिति व टीचिंग स्टाफ को दिया। उन्होंने इस सफलता का रहस्य लगातार अध्ययन, एकाग्रता व कठोर मेहनत को बताया। संस्था निदेशक राजकुमार यादव ने छात्रा योगिता व उसके अभिभावकों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल, नवोदय स्कूल, राई स्पोर्ट्स स्कूल, नीट, जेईई मेन ,जेईई एडवांस, एनडीए, क्लैट, सीए फाऊंडेशन, सभी विषयों के ओलंपियाड आदि राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है।

### यदुवंशी के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस में पाई सफलता

**नारनौल।** देश की सबसे प्रतिष्ठित अभियान्त्रिकी प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस के परिणाम घोषित होते ही यदुवंशी शिक्षा निकेतन में भारी उत्साह और जश्न का माहौल देखा गया। संस्थान के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने इस कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हासिल कर न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र व जिले का नाम देशभर में रोशन किया है। इस शानदार सफलता पर स्कूल परिसर में एक भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गयाए जिसमें मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। जीवन पुत्र राजेश कुमार ने 239, तक्षित पुत्र संजीव 4497, ताश्वीन पुत्र विनय कुमार 4631, हर्ष कांटीवाल पुत्र ओमप्रकाश 6150, हर्ष पुत्र इंद्रजीत यादव 6837, शुभम सैनी पुत्र योगेश कुमार 10558 व इशिका पुत्री संदीप कुमार ने 11971वीं रैंक प्राप्त की। इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, प्राचार्य नरेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और प्राध्यापकों को बधाई दी।



नारनौल। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

■ आरपीएस के 104 से भी अधिक विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा को बेहतरीन रैंक से क्वालीफाई कर अकादमिक सर्वश्रेष्ठता की छाप छोड़ी

# जेईई एडवांस में आरपीएस के मयंक ने पाई 77वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देश की सबसे बड़ी आईआईटी/जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के मयंक कुमार ने ऑल इंडिया में 77वीं व अमन सिंघल ने 99वीं व खुशी अग्रवाल ने 101 वीं कैटेगरी रैंक प्राप्तकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा में आरपीएस के 104 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाई करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं मयंक ने 461वीं कॉमन रैंक व भव्य सतिजा ने 864 वीं कॉमन रैंक प्राप्त कर पूरे इंडिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आरपीएस संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि सोमवार को घोषित आईआईटी/जेईई एडवांस्ड के परीक्षा परिणाम में अपनी कैटगरी में मयंक कुमार ने ऑल इंडिया में 77वीं कैटेगरी व 461वीं कॉमन रैंक, अमन सिघंल ने 99वीं कैटेगरी रैंक के साथ-साथ खुशी अग्रवाल ने कैटेगरी 101वीं रैंक, विनित कुमार ने 162वीं रैंक, नैतिक अग्रवाल ने 187वीं रैंक, वैभव महता ने 289वीं रैंक, सुमित यादव ने 511वीं रैंक, केशव कुमार ने 621वीं रैंक, मिलन ने 776 वीं रैंक, चिन्मय ने 852वीं रैंक, गौरव ने 892 वीं रैंक भव्य सतिजा ने 864वीं कॉमन रैंक, आकाश आदि ने उच्च रैंक के साथ अपना बेमिसाल प्रदर्शन किया।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नया कीर्तिमान बनाया

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए देश को असीम ऊचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। देश 21वीं सदी में विज्ञान व टेक्नॉलोजी के जरिए विश्व की एक महाशक्ति की ओर बढ़ रहा है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि अभिभावकों के विश्वास, शिक्षकों व बच्चों की मेहनत के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में हम सबसे आगे है। इस वर्ष जेईई मेन में भी 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाईल से अधिक अंक प्राप्तकर एक नया कीर्तिमान बनाया था। उसी की तर्ज पर 104 विद्यार्थियों ने जेईई एडवास्ड में क्वालिफाई होकर अपनी कामयाबी की आधारशीला रखी। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने नई मिसाल स्थापित करने के लिए उत्साहवर्धन किया।

सेल्स ऑफिसर और जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक की हुई महत्वपूर्ण बैठक

# प्रशासन का दावा : जिले में पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिलावासियों, किसानों और वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है और इसकी प्रतिदिन निर्बाध रूप से आपूर्ति की जा रही है। यह बात उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार को लघु सचिवालय में पेट्रोल और डीजल की अनावश्यक बिक्री के संबंध में आयोजित सेल्स ऑफिसर और जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी क्षेत्रों में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सुचारू रूप से काम कर रही है। उन्होंने सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन तेल की जमाखोरी और अवैध बिक्री पर पूरी तरह से नजर रखे हुए है। यदि कोई भी व्यक्ति या एजेंसी पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तुरंत और सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि राजस्थान से सेट इलाकों पर नाकेबंदी के दौरान विशेष निगरानी की जाए, ताकि डीजल व पेट्रोल की कालाबाजारी पर अंकुश लग सके।



नारनौल। पेट्रोल डीजल के संबंध में बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली। *फोटो : हरिभूमि*

### भ्रामक खबरों और अफवाहों पर ध्यान न दें

इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी किसानों, वाणिज्यिक वाहन चालकों और आम जनता से विशेष आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी तरह की भ्रामक खबरों और अफवाहों पर ध्यान न दें। नागरिक धैर्य बनाए रखें और केवल अपनी नियमित आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करें। जिला प्रशासन आम जनता की सहूलियत के लिए पूरी तरह मुस्तैद है और जिले में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जाती रहेगी। इस बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध यादव, डीसीपी भारत भूषण के अलावा अधिकारी व सेल्स ऑफिसर मौजूद थे।

### राजपुरा के जयवर्धन को जेईई एडवांस में 176वीं रैंक हासिल

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव राजपुरा निवासी तहसीलदार सज्जन कुमार के पुत्र जयवर्धन ने जेईई एडवांस के आल इंडिया में 176वां तथा ओबीसी कैटेगरी में 27वां रैंक हासिल किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा (जेईई) एडवांस में सफल होने वाले अभ्यर्थी भारत की सर्वोच्च इंजीनियरिंग संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में स्नातक की डिग्री हासिल कर देश-विदेश में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में देश का परचम लहराते हैं। जयवर्धन के पिता सज्जन सिंह गुरुग्राम में तहसीलदार, माता भारतीय रेल, चाचा-चाची सहायक प्रोफेसर व लेक्चरर हैं। जयवर्धन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा-दादी और कोटा के शिक्षण संस्थान एलन के गुरुजनों को दिया है।

